# ये अच्छी बात नहीं! बलौदा बाजार की घटना दुर्भाग्य पूर्ण , कार्रवाई में देरी से नाराज सतनामी समाज ने फूंक दिया कलेक्टोरेट, भड़की हिंसा

संवाददाता | रायपुर/ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार जिले में 17 मई से चल रहा सतनामी समाज का प्रदर्शन सीबीआइ जांच की मांग को लेकर सोमवार शाम को उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार की शाम कलेक्टर और एसपी कार्यालयों में आग लगा दी। पथराव किया, 200 से अधिक दोपहिया और करीब 50 चारपहिया वाहनों को फूंक दिया। लगभग एक घंटे तक बलौदाबाजार कलेक्टर परिसर व शहर के कई इलाकों में तोड़फोड़ की। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कई उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना की खबर मिलने पर रायपुर रेंज के आइजी अमरेश मिश्रा, बिलासपुर रेंज के आइजी संजीव शुक्ला समेत अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आलाधिकारियों को तनाव कम करने और शांति बहाली के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदा बाजार जिले में उत्पन्न हुई अप्रिय स्थिति पर आईजी और कमिश्नर को तत्काल घटनास्थल पर पहुँचने के निर्देश दिए । उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब कर घटना की प्रारंभिक जानकारी ली और रिपोर्ट भी मंगाई। मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही गिरौदपुरी धाम के अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की न्यायिक जांच हेतु उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा को निर्देशित किया था, जिसकी घोषणा उनके द्वारा की गई थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं और सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

गिरौदपुरी धाम के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की होगी न्यायिक जांच- उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा

सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रतिनिधियों की मांग पर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पूरे मामले के लिए न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उन्होंने दो टूक कहा की प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नही की जाएगी ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है। गौरतलब है की विगत दिनों 15-16 मई रात को पूज्य जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई थी।

आखिर क्यों भड़की हिंसा

15 मई की देर रात सतनामी समाज के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब पांच किमी दूर मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिह्न जैतखाम को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लोगों का आरोप है कि पकड़े गए लोग असली आरोपित नहीं हैं और पुलिस दोषियों को बचा रही है।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को ही इस मामले की न्यायिक जांच की घोषणा की थी, लेकिन समाज के लोग सीबीआइ जांच की मांग कर रहे थे। वे सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे ज्ञापन देने के लिए कलेक्टर परिसर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारी और पुलिस बल के बीच झड़प शुरू हो गई। बैरिकेड को तोड़कर भीड़ कलेक्टर परिसर में पहुंच गई।लोगों ने पथराव के साथ गाड़ियों में तोड़फोड़ और आग लगाना शुरू कर दिया। इससे कलेक्टर परिसर के कई विभागों के दस्तावेज जलकर राख हो गए। आग बुझाने पहुंची दमकम की कई गाड़ियों को भी भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन हिंसक होने के बाद सैकड़ों कर्मचारियों और लोग फंसे हुए थे। उन्हें पुलिस ने कार्यालय के पीछे के रास्ते बाहर निकाला गया ।

शेष अगले पेज पर ...

## आखिर क्यों हुआ ये सब, कौन कौन हैं इसके जिम्मेदार? इतनी बड़ी घटना के बाद सरकार और पुलिस का क्या है रुख जानिए सब कुछ यहां .......



*15 मई से लेकर 10 जून तक क्या क्या हुआ है जानिए?*

*15 मई : सतनामी समुदाय के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब पांच किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को देर रात अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।*

*16 मई : सुबह लोगों को पता चला तो उन्होंने मौके पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।*

*17 मई : सामाजिक लोगों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किया।*

*19 मई : मानाकोनी बस्ती में समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्काजाम किया था।19 मई : पुलिस ने इस मामले में बिहार निवासी तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि नल-जल योजना कार्य में ठेकेदार पैसे नहीं दे रहा था। इसलिए शराब के नशे में तोड़फोड़ कर दी।*

*20 मई : समाज के लोगों की बैठक बुलाई, जिसमें कहा गया कि जिन लोगों को पुलिस आरोपित बता रही है, वे असली दोषी नहीं है। मुख्य दोषी लोगों को पकड़ने की मांग को लेकर आंदोलन की रूप रेखा बनाई।*

*21 मई : पुलिस और प्रशासन को दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद से ही लगातार समाज के लोग आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग करते रहे।*

*8 जून : कलेक्टर ने प्रशासनिक अफसरों, पुलिस अफसरों और समाज के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक बुलाई। इसमें अपील की गई कि आंदोलन से बचें। साथ ही इस पूरे मामले की जांच मजिस्ट्रियल जांच कराने की बात कही गई।*

*9 जून: प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा की।*

*9 जून : इसी दिन प्रशासन की अनुमति से कलेक्ट्रेट के पास दशहरा मैदान में समाज ने 10 जून को एक दिवसीय प्रदर्शन की अनुमति मांगी।*

# मुख्यमंत्री श्री साय ने दिए हैं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश......



*विज्ञप्ति जारी कर पुलिस ने किया है घटना के संबंध में दावा-*

*- लगभग 100 मोटरसाइकिल और 30 से अधिक चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी.*

*- भीम आर्मी, भीम रेजीमेंट एवं भीम क्रांतिवीर सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी के द्वारा मचाया गया उत्पात।*

*- 25 से अधिक पुलिसकर्मी और कर्मचारी अधिकारी गंभीर रूप से घायल।*

*- उपद्रवियों द्वारा किए गए तोड़फोड़ और आगजनी का आंकलन किया जा रहा है।*

*- दशहरा मैदान में सतनामी समाज के 7000 से 8000 लोग इकट्ठा थे.*

*- प्रदर्शनकारी अपने साथ पेट्रोल डीजल लेकर आए थे.*

*अब बलौदाबाजार शहर में धारा 144 लागू, कलेक्टर ने जारी कर दिया है आदेश*

*सारी परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के.एल. चौहान ने धारा 144 लगा दी है जहां नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अमरेश मिश्रा, आइजी, रायपुर ने कहा कलेक्टरेट अभियान के आयोजकों ने शांतिपूर्ण आंदोलन की अनुमति ली थी। हिंसा हुई है, सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचाया गया है। आयोजकों पर कार्रवाई होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही । वहीं सदानंद कुमार, एसएसपी, बलौदाबाजार का कहना है सतनामी समाज द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन का आह्वान किया गया था, लेकिन सभी ने उग्र होकर पुलिस पर पथराव किया। बैरिकेड तोड़कर कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश किया। इसके बाद गाड़ियों में आग लगा दी। परिसर में भी तोड़फोड़ की गई।|*

*17 मई से चल रहा था शांतिपूर्ण प्रदर्शन*

*जैतखाम तोड़े जाने से नाराज समाज के लोग कलेक्ट्रेट के पास स्थित दशहरा मैदान में बीते 17 मई से ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसमें दूसरे राज्यों के सतनामी समाज के लोग भी शामिल हुए थे। 18 मई को कलेक्टर केएल चौहान और एसएसपी सदानंद कुमार को आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन सौंपा था। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान लोग सीबीआइ जांच की मांग को लेकर लेकर उग्र हो गए। इसके बाद हालात बिगड़ते चले गए। जैत यानी जय और खाम यानी खंभा। जैतखाम मूलरूप से सतनामी पंथ के ध्वज का नाम है, जो उनके संप्रदाय का प्रतीक है.*

*इधर भाजपा ने जताई साजिश की आशंका, कांग्रेस बोली सरकार की लापरवाही*

*बलौदाबाजार में हुई हिंसा के बाद राज्य में राजनीति भी सरगर्म हो गई है। भाजपा ने वारदात में साजिश की आशंका जताई है। वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। सतनामी समाज के गुरु व आरंग के भाजपा विधायक खुशवंत साहेब ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद धार्मिक प्रतीकों के साथ हुई तोड़फोड़ के मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य सरकार ने जैतखंभ मामले के न्यायिक जांच के आदेश पहले ही दे दिए हैं। जैतखंभ को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपितों को 48 घंटे में पकड़ा गया है। सोमवार को समाज के लोग शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे थे। कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर जा रहे थे। साजिश के तहत उनके बीच असामाजिक व उपद्रवी तत्व शामिल थे, जिन्होंने भीड़ को उकसाया। जिससे हिंसा हुई है। समाज के लोगों से अपील करता हूं कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखे।*

*रोकी जा सकती थी घटना, शांति की अपील : भूपेश बघेल*

*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंटरनेट मीडिया एक्स पोस्ट पर लिखा कि शासन-प्रशासन द्वारा यदि समय पर आवश्यक कदम उठाए होते तो लोगों की नाराजगी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। सतनामी समाज बाबा घासीदास के बताए शांति व सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है। मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।*

# मुख्यमंत्री श्री साय 13 जून से करेंगे विभागों की समीक्षा, विभागों के आला अधिकारी बैठक में होंगे शामिल



रायपुर/बालोद| मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद शासकीय काम-काज में कसावट और तेजी लाने के लिए 13 जून से विभिन्न विभागों के काम-काज और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा ली जाने वाली इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।मुख्यमंत्री श्री साय 13 जून को दोपहर 01 बजे से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्यपालन एवं दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री 14 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से स्वास्थ्य विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री 15 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा दोपहर 2 बजे से गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे।

oooooooooooooooooooooooo

नागपंचमी के स्थान पर देवउठनी एकादशी को स्थानीय अवकाश

राज्य शासन ने नागपंचमी के स्थान पर देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर रायपुर शहर एवं नया रायपुर स्थित शासकीय कार्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस आशय का संशोधित आदेश सामान्य प्रशासन विभाग अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जारी कर दिया गया है। कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए पूर्व में जारी आदेश में संशोधन करते हुए नागपंचमी के अवसर पर 9 अगस्त 2024 को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करते हुए मंगलवार, 12 नवम्बर 2024 को देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि यह अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

oooooooooooooooooooooooo

पद्म पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा साहित्य, संस्कृति एवं कला आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए दिए जाने वाले "पद्म विभूषण" तथा "पद्म श्री" पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। पद्म पुरस्कार श्रृंखला के अन्तर्गत उक्त क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाईन के माध्यम से 15 सितम्बर 2024 तक एवं निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव सहित आवेदन पत्र दिनांक 25 अगस्त, 2024 तक संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है।

# जनसेवक राकेश कुमार यादव ने 20 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि जारी करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का माना आभार



बालोद| जनसेवक संजारी बालोद विधान सभा प्रत्याशी {2023}, प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश कुमार यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदनें का वादा निभाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के पिछले दो सालो के बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के गरीबों और वंचितों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। उल्लेखनिय है कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के समृद्धि एवं विकास के साथ-साथ किसानों के सम्मान के लिए 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

**काम की खबर** कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका के पदों पर दस्तावेज सत्यापन 13 जून को

रायपुर| राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को प्रातः 09:30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस/व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट / तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 01:00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा/ आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ नर्स निलंबित



रायपुर | सरगुजा जिले के विकासखण्ड अंबिकापुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच करवाई गई।

जांच के दौरान बीएमओ, संस्था प्रभारी, बीपीएम, स्टॉफ नर्स, एएनएम एवं स्थानीय मितानिन उपस्थित रहे। जांच के तहत सभी के समक्ष उक्त प्रकरण के बारे में बयान लिया गया, तथा जच्चा-बच्चा प्रसूता महिला एवं नवजात बच्चों को देखा गया। प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।रात्रिकालिन स्टॉफ द्वितीय एएनएम श्रीमती मीना चौहान को तत्काल प्रभाव से हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर में कार्यदिशित किया गया। डयूटी में पदस्थ स्टॉफ नर्स बिना पूर्व सूचना के स्टॉफ नर्स कन्या पैंकरा कार्य में अनुपस्थित थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा किया गया। निलबंन अवधि में संबंधित को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं की भविष्य में भी ऐसी गंभीर लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मरीजों के मानवीय पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

**खबर काम की** जीनस पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जयपुर राजस्थान द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी

## राजनांदगांव : प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 एवं 19 जून को

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 18 एवं 19 जून 2024 को सुबह 9.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जीनस पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जयपुर राजस्थान द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। वर्ष 2017 से 2023 तक शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेनकार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से शीघ्र पूरा करें, गुणवत्ता के साथ समझौता बिल्कुल भी नही की जाएगी : सीईओ जिला पंचायत



बालोद। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभाग के सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वनाधिकारी पत्रधारी हितग्राहियों के लिए अधिक से अधिक आजीविकामूलक कार्य स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बालोद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग समस्त, कार्यक्रम अधिकारी समस्त, सहायक प्रोग्रामर एवं तकनीकी सहायक भी उपस्थित थे।बैठक में डॉ. कन्नौजे ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यो के भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत सभी अपूर्ण कार्यो को गुणवत्तायुक्त ढंग से शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि कार्यो में गुणवत्ता के साथ समझौता बिल्कुल भी नही की जाएगी। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्षित मानव दिवस को योजनाबद्ध तरीके से माहवार प्रगति लाते हुए वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य प्राप्ति करने को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र सरकार के अमृत सरोवर योजना के स्वीकृत निर्माण कार्यो को अनिवार्य रूप से 15 जून तक अनिवार्यतः पूरा करने तथा सभी वनाधिकार पत्रधारी परिवारों के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक कार्य स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर घर-घर में कचरा एकत्रीकरण करने एवं सेग्रीगेशन व कलस्टर स्तर पर डिस्पोजल की व्यवस्था करने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। इसके अलावा अपूर्ण सामुदायिक शौचालय की शीघ्र पूरा करने एवं पूर्ण सामुदायिक शौचालय को 12 मासी क्रियाशील करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आवास निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के सभी आवासों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने तथा इस कार्य को बारिश के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एन.आर.एल.एम व अन्य योजनाआंे की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा में पूरा कराने तथा हितग्राहियों को इस योजना से अधिक से अधिक से लाभांवित कराने के निर्देश दिए।

**खबरें जिला प्रशासन की** प्रकाशित सूची के संबंध में 07 दिवस के भीतर ;दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है

# राजस्व विभाग में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् मान्य-अमान्य सूची जारी

बालोद। राजस्व विभाग जिला बालोद में सहायक ग्रेड 03, स्टेनोटायपिस्ट, वाहन चालक, भृत्य, अर्दली, चैकीदार, फर्राश, प्रोसेस सर्वर के रिक्त पदों की सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जारी किए गए सूची के संबंध में प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् मान्य-अमान्य सूची जारी कर दी गई है। जारी किए गए दावा आपत्ति के निराकरण सूची के संबंध में 07 दिवस के भीतर आवेदक जिला कार्यालय बालोद के कक्ष क्रमांक 48 में आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। राजस्व विभाग के भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त आॅनलाईन आवेदनों में से पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन करते हुए प्रकाशित सूची में आवेदकों के नाम, जाति, जन्मतिथि, निवास, लिंग, शैक्षणिक योग्यता अथवा अन्य योग्यता संबंधी जानकारी में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर आवेदकों से 27 जुलाई 2023 से 05 अगस्त 2023 तक प्रस्तुत करने हेतु प्रकाशन किया गया था। दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् मान्य एवं अमान्य सूची जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अपलोड कर दी गई है।

**खबरें जिला प्रशासन की** आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोट्र्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है

# राज्य खेल अंकरण पुरस्कार हेतु 30 जून तक कर सकेंगे आनलाईन आवेदन

बालोद, 10 जून 2024 छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। जिसके अंतर्गत पात्र खिलाड़ी राज्य खेल अंकरण पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु 30 जून तक आॅनलाईन आवेदन कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्षों के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोट्र्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। पुरस्कार नियम में प्रावधानों के अनुरूप जिन खिलाड़ियों की मान्यता प्राप्त संघ द्वारा पुरस्कार के लिए अनुसंशा नहीं की गई है तथा तुलनात्मक रूप से उनकी उपलब्धि अधिक है। ऐसे खिलाड़ी तत्संबंधी विवरण प्रस्तुत कर निर्धारित प्रारूप में 30 जून 2024 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड, रायपुर,या कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं।उल्लेखनीय है कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो उन्हें शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा। खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चैबे सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

**खबरें जिला प्रशासन की** 31 जुलाई तक बालक की आयु 05 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास के अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत भारत के असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किये जाने पर प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को भारत शासन द्वारा बाल वीर दिवस घोषित किया गया है। जिसके अंतर्गत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु उक्त क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का आॅनलाईन वेबसाइट अर्वाड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन करने हेतु पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आवेदक बालक को भारतीय नागरिक व भारत का निवासी होना अनिवार्य है। इसके अलावा संबंधित वर्ष के 31 जुलाई तक बालक की आयु 05 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके साथ ही बालक के असाधारण उत्कृष्ट कार्य, घटना, उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 से विगत 02 वर्ष के अंतर्गत होना अनिवार्य है।

# विशेष लेख : विष्णु सरकार की सुध से खेती-किसानी को नया सम्बल,किसानों ने माना उन्हें अपना हितैषी

नसीम अहमद खान, उप संचालक | बालोद/रायपुर

देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं, इससे राज्य में खेती-किसानी को नया सम्बल मिला है। किसान बेहद खुश है। उनके मन में एक नई उम्मीद जगी है। छत्तीसगढ़ की नई सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान करके एक ओर जहां अपना संकल्प पूरा किया है, वहीं दूसरी ओर किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष में 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 31,914 करोड़ रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ का भुगतान करके यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल कृषि के बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के मुताबिक समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि भी दे दी है। किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 3100 रूपए के भुगतान की यह राशि देश में सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस साल के बजट में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अभिनव पहल की जा रही है। जशपुर जिले के कुनकुरी में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी महाविद्यालय, सूरजपुर जिले के सिलफिली एवं रायगढ़ में शासकीय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खडगंवा में कृषि महाविद्यालय खोलने की व्यवस्था बजट में की है।

कृषि में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की स्थापना एवं राज्य स्तरीय नवीन कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला के भवन का निर्माण, दुर्ग एवं सरगुजा जिले में कृषि यंत्री कार्यालय तथा रासायनिक उर्वरकों की जांच के लिए सरगुजा जिले में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी।

## चालू वित्तीय वर्ष में कृषि बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि



*राज्य के किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 हजार 500 करोड़ का लक्ष्य तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों की सहायता हेतु दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, सौर सुजला योजना के माध्यम से सिंचित रकबे में बढ़ोत्तरी का प्रयास किया जा रहा है। नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।*

*छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। चालू वित्तीय वर्ष कृषि बजट 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीसगढ़ सरकार ने तय की है।*

*मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्तमान खरीफ सीजन को देखते हुए राज्यभर की सहकारी समितियों में सोसायटियो में गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसलिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए।*

*खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरूद्ध अब तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्ंिवटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।*

शिक्षा और संस्कार का मंदिर | मिलती है यहाँ कई सुविधाए, पढ़ाई के साथ बच्चे सीखते हैं और भी बहुत कुछ

# सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में प्रवेश प्रारंभ, अपने बच्चों को बनाइए शिक्षा-दीक्षा में निपुण

बिजनेस न्यूज,बालोद। बालोद जिला मुख्यालय में गंजपारा में अग्रवाल स्टेडियम के सामने संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में इस सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। यह विद्यालय बच्चों के संपूर्ण शिक्षा दीक्षा के लिए उपयुक्त स्थान है। जहां पर कई तरह की विशेष सुविधाएं प्राप्त होती है। इस संबंध में वहां के व्यवस्थापक लीलाधर साहु ने हमें विद्यालय के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से प्रवेश जारी है। बालदेवो भवः को चरितार्थ करते हुए सभी आयु वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास की व्यवस्था यहां है। जहां सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं बल्कि सभी तरह के ज्ञान, खेल और संस्कारों को सिखाया जाता है। कई तरह की गतिविधियां होती है जो बच्चों के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक होती है। इसलिए पालकों से अपील करते हैं कि अपने बच्चों की सर्वोत्तम शिक्षा-दीक्षा के लिए बालोद नगर का श्रेष्ठ हिन्दी माध्यम निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर को चुनिए। जो कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान, रायपुर से संबद्ध और गंगा मैय्या बाल कल्याण समिति, बालोद द्वारा संचालित (पंजीयन क्र.2507) है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च, माध्य. विद्यालय, बालोद कक्षा अरुण एवं उदय (पूर्व प्राथमिक) से द्वादशी तक हिन्दी माध्यम में संचालित है। जहां तीनों गणित संकाय, विज्ञान संकाय, कृषि संकाय में पढ़ाई होती है।

ये है विद्यालय की विशेषताए

विश्व के सबसे बड़े अशासकीय शिक्षण संस्थान से संबद्धता। संस्कारक्षम वातावरण,न्यूनतम शुल्क व्यवस्था।आचार्यों का नियमित उन्मुखीकरण प्रशिक्षण। विद्यालयारंभ में संगीतमय प्रार्थनाओं भरा आध्यात्मिक वातारण निर्माण ।प्रतिमाह मासिक सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन ।संस्थान द्वारा पृथक से शैक्षिक, बौद्धिक, शारीरिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन। शासन द्वारा प्रदत्त सभी प्रकार की छात्रवृत्तियां व निःशुल्क पाठयपुस्तकों का लाभ। एन.एस.एस., स्काउटिंग-गाइडिंग, रेडक्रास दलों का संचालन । आचार्यों द्वारा सतत् अभिभावक संपर्क एवं विद्यार्थी के शैक्षिक विकास पर चर्चा। कम्प्यूटर-शिक्षा, शिशु वाटिका में खेलयुक्त शिक्षा-सुविधा। संगीत एवं योगशिक्षा प्राचीन वैदिक गणित-पद्धति का ज्ञान।

ये हैं संस्थान के उद्देश्य

बालक का शैक्षिक, चारित्रिक, नैतिक,शारीरिक सहित सर्वांगीण विकास।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चरित्र-निर्माण। आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय चेतना का विकाससंस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा।राष्ट्रवाद में ओत-प्रोत भावी पीढ़ी का निर्माण।

इस तरह के संसाधन से शिक्षा को बनाते हैं आसान और रोचक

सर्व सुविधायुक्त एवं सुसज्जित स्वयं का भवन। प्रशिक्षित योग्य एवं अनुभवी आचार्य।पुस्तकालय, विस्तृत खेल मैदान, पृथक-पृथक विज्ञान प्रयोगशालाएं, सांस्कृतिक गतिविधि,शारीरिक शिक्षा,कम्प्यूटर कक्षा,स्मार्ट क्लास,शिशु वाटिका,संगीतमय प्रार्थना,व्यायाम।

प्रवेश और अधिक जानकारी के किए इनसे संपर्क करें: 9407937466 (विद्यालय), 8982020966 (व्यवस्थापक), 9425554511 (कोषाध्यक्ष) Email- ssm.balod@gmail.com


सरस्वती शिशु मंदिर बालोद की विभिन्न गतिविधियाँ दिखाती तस्वीर

## नेत्रदान दिवस पर नेक काम: दिलीप कौशिक ने भरा नेत्र और देहदान के लिए घोषणा पत्र, रक्तदान भी किया



संवाददाता | बालोद

भगत सिंह रक्तवीर के अध्यक्ष दिलीप कौशिक पिता स्वर्गीय नरोत्तम निवासी कुर्मी पारा बालोद ने अपने जन्मदिवस खास बना दिया। उन्होंने इस मौके पर 34 वी बार रक्तदान किया। जनहित हेतु रक्तदान के साथ साथ आज ही नेत्रदान दिवस पर नेत्रदान व देहदान करने का निर्णय भी लिया। जिला अस्पताल बालोद सिविल सर्जन आरके श्रीमाली के समक्ष देहदान व नेत्र दान हेतु दिलीप ने घोषणा पत्र दिया। उनके इस सराहनीय कार्य हेतु संस्था सदस्यों दिलीप कौशिक , राजा ठाकुर, ताराचन्द कोठारी,रोशन शार्वा,रविन्द्र नेताम , मनीष चंद्राकर, इत्यादि लोगो ने इस नेक कार्य की सराहना की।

## कलेक्टर ने जिले में क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की

संवाददाता | बालोद

कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने क्रेडा के अधिकारियों को जिले में लगाए गए सभी सोलर पम्पों को ठीक-ठाक हालत में तथा क्रियाशील रखने हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, क्रेडा के सहायक अभियंता श्री डीएस सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने सौर सुजला योजना अंतर्गत इस वर्ष की निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली। सहायक अभियंता श्री डीएस सिदार के द्वारा राज्य में उपलब्ध कृषि भूमि की सिंचाई क्षमता में वृद्धि करने एवं अविद्युतिकृत क्षेत्रों में कृषि की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में सौर सुजला योजना प्रारंभ करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 3 एवं 5 एचपी क्षमता के सोलर पम्पों की स्थापना की जाती है।

### सभी सोलर पंपों को क्रियाशील रखने के दिए निर्देश



*इस योजना अंतर्गत 90 से 95 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिले में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित किए गए सोलर ड्यूल पंपां की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने क्रेडा के द्वारा चैक-चैराहे में प्रकाश व्यवस्था हेतु लगाए गए सोलर हाई मास्क लाईट की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम अंतर्गत बायो गैस कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा के अलावा जिले में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत संस्थागत बायो संयत्र की स्थापना तथा खनिज न्यास संस्था के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की। श्री चन्द्रवाल ने क्रेडा के अधिकारियों को इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में समुचित तैयार करने के निर्देश भी दिए।*

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालोद

## // विज्ञप्ति //

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजपारा बालोद में अधोलिखित पदों पर शिक्षक की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है।

| पद | विषय | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. शिक्षक | गणित | 01 | एम.एस.सी. (गणित), TET / B.ED |
| 2. शिक्षक | रसायन | 01 | एम.एस.सी. (रसायन), TET / B.ED |
| 3. शिक्षक | अंग्रेजी | 01 | एम.ए.अंग्रेजी (हिन्दी माध्यम),TET / B.ED |
| 4. शिक्षक | अग्रेजी | 01 | एम.ए.अंग्रेजी(अंग्रेजी माध्यम),TET / B.ED |
| 5. शिक्षक | कृषि | 01 | एम.एस.सी. (कृषि), TET / B.ED |
| 6. शिक्षक | वाणिज्य | 01 | बी.काम / एम.कॉम., कम्प्यूटर |
| 7. प्राथमिक / पूर्वमाध्यमिक शिक्षक | | | स्नातक एवं प्रशिक्षित |

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून 2024

ोबाइल नंबर :— प्राचार्य — 9407937466
व्यवस्थापक — 8982020966

प्राचार्य
स.शि.मं.उ.मा.वि. बालोद

# प्रधानपाठक पदोन्नति की पदांकन काउंसिलिंग, लंबित एरियर्स,सीजीपीएफ पासबुक संधारण, संविलियन को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता | बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिले में कार्यरत शिक्षक एल बी संवर्ग के विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद श्री पी सी मरकले से कार्यालय में मुलाकात कर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आचार संहिता के पूर्व सहायक शिक्षक एल बी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति के पश्चात अब आचार संहिता हटने उपरांत पदांकन हेतु काउंसिलिंग शीघ्र करने, जिले में कार्यरत सभी शिक्षक (एल बी) संवर्ग के लिए अप्रैल 2022 से लागू पुरानी पेंशन योजना अंतर्गत कटौती राशि का सीजी पीएफ पासबुक संधारण करने,संविलियन के पूर्व के सभी प्रकार के लंबित एरियर्स का भुगतान करने, जिसमें सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के जुलाई 2016 से मार्च 2017 तक 9 माह के लंबित डीए एरियर्स, समयमान व पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर्स, स्कूल शिक्षा के शिक्षकों के समयमान वेतनमान के लंबित एरियर्स सहित परिवीक्षा अवधि के एरियर्स के भुगतान शीघ्र करने ,चोवेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक एल बी,शास प्राथमिक शाला टेंगना (बरपारा) के लंबित संविलियन की कार्यवाही करने तथा जिला व विकास खंड स्तर पर समस्याओं पर चर्चा व निराकरण हेतु परामर्श दात्री समिति की बैठक आहुत करने व सेवा पुस्तिका संधारण के के लिए शिविर आयोजित कर कार्यवाही करने पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। अधिकारी द्वारा सभी विषयों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। अधिकारी ने प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति की पदांकन हेतु काउंसिलिंग जल्द करने का आश्वासन दिया। सीजीपीएफ पासबुक संधारण हेतु जल्द निर्देश जारी करने व जिला व ब्लॉक स्तर पर परामर्श दात्री समिति की बैठक रखने का भी आश्वासन अधिकारी द्वारा दिया गया।

## प्रधानपाठक पदोन्नति पदांकन काउंसिलिंग जल्द होगी.. डीईओ ने किया आश्वस्त



*जिला व विकासखंड स्तर पर परामर्श दात्री समिति की बैठक भी जल्द होगी*

*जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू,जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य,जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, डौंडी ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र कुमार रावटे,डौंडीलोहारा अध्यक्ष अविनाश साहू, लेखराम साहू, जिला आई टी सेल प्रभारी हरीश साहू, चोवेश कुमार साहू, मनहरण साहू,कुलभूषण साहू, कामता प्रसाद साहू शामिल थे।*

## मानसून अलर्ट : गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर सकतें हैं दोनों एप

# अच्छी सुविधा: मेघदूत एप्प से मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी और दामिनी एप्प बचाएगी आकाशीय बिजली के कहर से



ऐसा दिखता है मेघदूत और दामिनी ऐप

ईश्वर लाल गजेन्द्र, बालोद। किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है। किसान भाई मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों एप्प को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को राजस्व विभाग और अन्य विभागों के मैदानी अमले के माध्यम से इन दोनों ही एप्प का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए गए हैं। खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है। मेघदूत एप्प के माध्यम से किसान भाई मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, इसके कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचनाएं प्राप्त होती है। इन घटनाओं में कमी लाने और लोगों को सचेत करने के लिए दामिनी एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के माध्यम से 20 से 31 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल जाएगा। इससे पशुहानि और जनहानि को रोकने में मदद मिलेगी।

**जानिए कैसे बनती है आकाशीय बिजली**

जब ठंडी हवा संघनित होकर बादल बनती है तब इन बादलों के अंदर गर्म हवा की गति और नीचे ठंडी हवा के होने से बादलों में धनावेश (पॉजिटिव चार्ज) ऊपर की ओर एवं ऋणावेश (निगेटिव चार्ज) नीचे की ओर होता है। बादलों में इन विपरीत आवेशों की आपसी क्रिया से विद्युत आवेश उत्पन्न होता है। इस प्रकार आकाशीय बिजली उत्पन्न होती है। फिर धरती पर पहुंचने पर आकाशीय बिजली बेहतर चालक को तलाशती हैं, जिससे वह गुजर सके। इसके लिए धातु और पेड़ उपयुक्त होते हैं। बिजली अक्सर इन्हीं माध्यमों से पृथ्वी में जाने का रास्ता चुनती है। इसलिए बरसात के दिनों में लोग बिजली के खंभों, पेड़ों और धातुओं से दूर रहना चाहिए तथा बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। जितना हो सके आकाशीय बिजली की स्थिति में मोबाइल का उपयोग नहीं किया जाए।

# नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा ने बालोद में मनाया उत्सव

## लोगों ने एक दुसरे को बांटी मिठाइयाँ, हुई जमकर आतिशबाजी,निकली रैलियां







बालोद। बालोद भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने तीसरी बार श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के शपथ ग्रहण अवसर पर बालोद के शहर के संजारी चौक के मिलेट कैफे परिसर में शपथ ग्रहण समारोह को बड़े एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं आम नागरिक की सहभागिता रही। जैसे ही श्री नरेंद्र मोदी जी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ ली पूरे परिसर में भव्य आतिशबाजी की गई,l एवं नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, ढोलबाजों से वातावरण गूंज गया। उपस्थित कार्यकर्ता एवं लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कांकेर लोकसभा क्षेत्र से बालोद से 4922 की बढ़त होने पर बालोद की जनता का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में वाहन रैली कर सभी चौक चौराहे में भव्य आतिशबाजी कर मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने पर खुशी मनाई। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बस्तर कलेक्टर सह प्रभारी यशवंत जैन,पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ,कांकेर लोकसभा के सह चुनाव संचालक यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री चेमन देशमुख केसी पवार, कार्यक्रम के प्रभारी अमित चोपड़ा ,सुरेश निर्मलकर भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीचंद ,मनोहर नहाटा कुलदीप कल्याल, महेंद्र नाहर ,रवि प्रकाश पांडे, पार्षद गण कमलेश सोनी मोहन कलिहारी,राजू पटेल,सरोजिनी डोमन साहू, लिखन साहिरो, पंकज आहूजा दीपक देवांगन, अजय बाफना, विनोद जैन, गिरजेश गुप्ता, अमित दुबे,संतोष पाठक अंबिका यादव मनोज चांडक,हितेश्वरी कौशिक रोहिणी साहू ,प्रीती देशमुख, श्वेता परिहार, नीतू सोनवानी, पूजा जैन,तुलसी यादव ,समीर खान, रौनक कल्याल,राहुल साहू,राज सोनी,राहुल सोनी,नीलेश जैन, शशि साहू दीपक कौशिक आरके शर्मा, रामकुमार दुबे ,विमल साहू मदन सोनबरस, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।